Title: Need to provide stoppage of Gokul Express at Bichhiya railway station, U.P-Laid.

श्री पदमसेन चौधरी (बहराइच): 5315/5316 गोन्डा-आगरा फोर्ट गोकुल एक्सप्रेस का ठहराव मिहिनपुरवा से तिकोनिया स्टेशन के बीच 70 कि0मी0 दूरी में भी नहीं है। बिछिया स्टेशन एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। यहां पर सेन्ट्रल स्टेट फार्म, पोस्ट आफिस, टेलीफोन आफिस, पुलिस स्टेशन आदि सरकारी कार्यालय है। यहां से बड़ी संख्या में यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है। यह ट्रेन मीटर गेज पर चलने वाली एक्सप्रेस गाड़ी है। इस ट्रेन का ठहराव मध्य में स्थित बिछिया स्टेशन पर करने से गति पर प्रभाव भी नहीं पड़ेगा। क्योंकि छोटी लाइन पर चलने वाली गाड़ियों की गति बहुत नहीं है। इस मार्ग पर पुरानी लाइन होने से गाड़ी को नियंत्रित गति में ही चलाया जाता है। बिछिया के यात्रियों को तिकोनिया स्टेशन पर जाकर गाड़ी पकड़ना तथा आना न तो सुरक्षा की दृटि से निरापद है और न ही सड़क का यातायात ऐसा है कि सुरक्षापूर्वक आवागमन हो सके। अतः आपसे अनुरोध है कि जनहित में बिछिया स्टेशन पर गोकुल एक्सप्रेस का ठहराव करने के संबंध में आदेश देने का कष्ट करें।